भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1470**
**28 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए**

**स्पेशियलिटी स्टील के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निवेश**

1470 श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः
श्री रमेश अवस्थीः
श्री मनोज तिवारीः
श्री अनन्त नायकः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जून 2026 की स्थिति के अनुसार स्पेशियलिटी स्टील के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत अनुमानित परिव्यय के मुकाबले प्राप्त हुआ संचयी निवेश कितना है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत विनिर्माण इकाइयों द्वारा सृजित अतिरिक्त उत्पादन क्षमता और प्रत्यक्ष रोजगार का व्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्पेशियलिटी स्टील के लिए पीएलआई योजना 1.2 के अंतर्गत समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने वाली कंपनियों में परियोजना का कार्यान्वयन शुरू हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या ओडिशा के क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्पेशियलिटी स्टील के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत किसी परियोजना को स्वीकृति दी गई है, वह कार्यान्वयन के अधीन है या प्रस्तावित है और यदि हां, तो निवेश, रोजगार क्षमता, कार्यान्वयन की स्थिति और चालू होने की संभावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): जून 2026 तक, विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत ₹26,320 करोड़ का संचयी निवेश, लगभग 3.75 मिलियन टन का वृद्धिशील उत्पादन और लगभग 14,000 व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार हासिल किया गया है।

(ग) और (घ): जी, हां। पीएलआई योजना 1.2 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का कार्यान्वयन शुरू हो चुका है और 1,400 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, यह योजना भारत के सभी राज्यों के लिए लागू है। 15 राज्यों की 100 कंपनियों की 167 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनमें ओडिशा की 19 परियोजनाएं शामिल हैं।

*****